# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (18.04.2025)**

HINDUSTAN
MUZAFFARPUR
DATE:18.04.2025
PAGE-06

## परीक्षा बोर्ड की बैठक कल 19 एंजेंडों पर होगी चर्चा

मुजफ्फरपुर, प्रसं.। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शनिवार को परीक्षा बोर्ड की बैठक होगी। बैठक में 19 एजेंडों पर चर्चा की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र राय करेंगे।

बैठक में संबद्ध कॉलेजों से विशेष टेबुलेटर बहाल करने पर भी चर्चा की जायेगी। इसके अलावा आरटीआई से कॉपी निकालने के बाद जिन छात्रों ने उसपर आपत्ति जताई है, उस मसले पर भी चर्चा होगी। परीक्षा बोर्ड की बैठक में एलएलएम परीक्षा के लिए सैंपल पेपर बनाने का मुद्दा भी रखा जायेगा।

HINDUSTAN
MUZAFFARPUR
DATE:18.04.2025
PAGE-06

## पीजी में सीट बढ़ाने के लिए होगी पहल

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में पीजी में सीट बढ़ाने के लिए विवि प्रशासन विभागाध्यक्षों से बात करेगा। कई छात्र संघों ने पीजी में जूलॉली, हिस्ट्री, साइकोलॉजी विषयों में सीट बढ़ाने मांग की थी।

इसके बाद डीएसडब्ल्यू ने छात्रों की मांग पर सीट बढ़ाने के लिए फाइल बढ़ाई थी। अबतक इसपर कोई फैसला नहीं हुआ है। उधर, बिहार विवि में स्नातक में भी नामांकन के लिए अगले हफ्ते बैठक होगी। बैठक में स्नातक नामांकन प्रवेश परीक्षा और सीट बढ़ाने पर भी चर्चा की जायेगी।

**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE:18.04.2025, PAGE-08


# स्नातक में नामांकन से पहले नए सिरे से निर्धारित की जाएंगी सीटें

## सभी कालेजों से विषयवार उपलब्ध सीटों की मांगी गई जानकारी

- कम डिमांड वाले विषयों में घटाई जाएंगी सीटें, नामांकन समिति लेगी निर्णय
- इतिहास, हिंदी व अधिक डिमांड वाले विषयों में नामांकन को सबसे अधिक विद्यार्थी करते आवेदन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नए सत्र में नामांकन से पहले सीटों की संख्या का नए सिरे से निर्धारण किया जाएगा। हिंदी, इतिहास समेत अधिक डिमांड वाले विषयों में छात्र-छात्राओं के अधिक आवेदन किए जाने के कारण विश्वविद्यालय के स्तर से इन विषयों में सीटों में वृद्धि की जा सकती है। कम डिमांड वाले विषय जहां सीटों की संख्या अधिक है और उसकी तुलना में कम संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं उसमें सीटों की संख्या घटाई जाएगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सभी कालेजों से विषयवार उपलब्ध सीटों की जानकारी मांगी गई है। प्राचार्यों के स्तर से इसकी सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद नामांकन समिति की बैठक में इसपर निर्णय होगा। सत्र 2025-29 के लिए मेरिट लिस्ट जारी कर स्नातक की सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जानी है। नामाकंन समिति की बैठक में ही विभिन्न कोटे की सीटों पर भी फैसला होगा। इसमें स्वतंत्रता सेनानी, खेल, एनसीसी, एनएसएस समेत अन्य कोटा शामिल है। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि कई विषयों में अधिक आवेदन आने के कारण छात्रों का नामांकन नहीं हो पाता है। ऐसे में सीटों को संशोधित किए जाने का प्रस्ताव है। कालेजों से इसके लिए प्रस्ताव मांगा गया है।



### पीजी में सीट बढ़ोतरी की लगातार उठ रही मांग

पीजी के सत्र 2024-26 के लिए कक्षाओं का संचालन शुरू हो गया है, लेकिन अभी सीट बढ़ोतरी की मांग लगातार की जा रही है। आरबीबीएम कालेज की प्राचार्या डा. मम्ता रानी ने गुरुवार को कुलपति प्रो. डीसी राय से मिलकर पीजी में सीट वृद्धि की मांग की। दूसरी ओर कई विषयों मे कम से कम 20 प्रतिशत सीटें बढ़ाने की मांग हो रही है। बताते हैं जल्द ही इस पर बैठक बुलाकर फैसला लिया जाएगा।

## संस्थानों में लैंगिक उत्पीड़न की मांगी रिपोर्ट

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत व संबद्ध कालेजों में कार्यस्थलों पर लैंगिक उत्पीड़न की रिपोर्ट मांगी गई है। इसको लेकर रजिस्ट्रार ने सभी कालेजों को पत्र भेजा है। कहा गया है कि महिला एवं बाल विकास निगम के कार्यपालक निदेशक ने पिछले साल उच्च शिक्षण संस्थानों में हुई घटनाओं की जानकारी मांगी है। इस आधार पर विश्वविद्यालय ने सभी संस्थानों से जानकारी मांगी है। इसमें कैलेंडर वर्ष 2024 की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। वार्षिक रिपोर्ट में एक जनवरी से 31 दिसंबर 2024 तक हुई घटनाओं की जानकारी देनी है। सभी विभागों व कालेजों को फार्मेट भी दिया गया है। इसमें कैलेंडर वर्ष में प्राप्त लैंगिक उत्पीड़न की शिकायतों की संख्या, जिनका वर्ष के अंदर निस्तारण हो गया और 90 दिनों से अधिक अवधि तक लंबित मामलों की जानकारी मांगी गई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 18.04.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू. स्नातक में नामांकन के लिए बनायी नयी व्यवस्था

# सीट रिवाइज के आधार पर जारी होगी अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट



वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

**बीआरएबीयू में** स्नातक में अधिक से अधिक छात्रों को मनचाहे विषय में नामांकन दिलाने के लिए तैयारी चल रही है. कॉलेजों में इसके लिए सीट रिवाइज की जायेगी. इसे एडमिशन कमेटी की मंजूरी के बाद इसी सत्र से लागू करने की योजना है. जिन विषयों में पिछले साल सीटें खाली रह गयीं, उसमें कटौती करके डिमांड वाले विषयों में सीटें बढ़ा दी जायेंगी. कॉलेज स्तर पर ही सीट रिवाइज करके प्राचार्यों से प्रस्ताव मांगेंगे. सीट रिवाइज के आधार पर विवि की ओर से सत्र 2025-29 के लिए मेरिट लिस्ट जारी होगी. डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले साल कई विषयों में सीट से कई गुना आवेदन आये थे. इसके कारण अधिकतर छात्रों को जगह नहीं मिल सकी. एडमिशन शुरू होने के बाद कॉलेजों के अनुरोध पर एक सत्र के लिए सीट रिवाइज की गयी, ताकि अधिक से अधिक नामांकन हो सके. विवि की ओर से इसका स्थायी समाधान करने के लिए पहल की जा रही है. कॉलेजों से सीट रिवाइज करते हुए प्रस्ताव मांगा जायेगा और उसी के आधार पर मेरिट लिस्ट जारी होगी.

**नामांकन के लिए सेंट्रलाइज्ड सिस्टम लागू** :विवि की ओर से स्नातक में नामांकन के लिए सेंट्रलाइज्ड सिस्टम लागू किया गया है. मुख्यालय से ही मेरिट के आधार पर सभी कॉलेजों में छात्रों का आवंटन किया जाता है. उसी के आधार पर नामांकन लेना होता है. पिछले साल नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कॉलेजों में कोटे की सीटों को लेकर असमंजस की स्थिति बन गयी थी. सत्र 2025-29 के लिए नामांकन शुरू करने से पहले ही कोटे की सीटें तय कर दी जायेंगी.

**सीट बढ़ाने पर एडमिशन कमेटी का निर्णय**: स्नातक के लिए विवि की ओर से एडमिशन कमेटी की बैठक बुलाने की तैयारी चल रही है, लेकिन इसमें पीजी की सीट वृद्धि का प्रस्ताव भी रखा जा सकता है. पीजी सत्र 2024-26 के नामांकन में कई विषयों में सीट से कई गुना अधिक आवेदन होने के कारण संकट खड़ा हो गया था.छात्र संगठनों के साथ ही कॉलेजों की ओर से भी सीटें बढ़ाने की मांग की गयी. इस पर कुलपति ने सहमति दे दी है.

### जल्द होगी एडमिशन कमेटी की बैठक

बीआरएबीयू में जल्द ही एडमिशन कमेटी की बैठक होनी है. इसके लिए एजेंडा तैयार किया जा रहा है.स्नातक सत्र 2025-29 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. 16 अप्रैल को पोर्टल खुला है. 15 मई तक इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र आवेदन कर सकेंगे. स्नातक एडमिशन में सीट तय करने सहित अन्य प्रस्तावों पर सहमति के लिए एडमिशन कमेटी की बैठक बुलायी जायेगी.

□ खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यू आर स्कैन कर लें.